WOMEN'S
LEGAL CENTRE ACT



अधिक मजबूत। अधिक सुरक्षित। बेहतर।

कानूनी प्रतिनिधित्व, समर्थन और वकालत के माध्यम से जीवन में सुधार।

मदद कैसे पायें

हम यहां आपका समर्थन करने के लिए हैं। हमें कॉल करें और हमारी कोई एक ग्राहक सेवा टीम आपकी स्थिति को समझ लेगी और देखेगी कि हम कैसे मदद कर सकते हैं।

इनटेक और सलाह लाइन

सुबह 9 से शाम 5, सोमवार से शुक्रवार

02 6257 4377
1800 634 669

हम क्या करते हैं

हम कानूनी प्रक्रियाओं और कानूनी सलाह के बारे में जानकारी प्रदान कर सकते हैं जिसकी मदद से आप अपने कानूनी मुद्दे को सुलझाने में अगला कदम उठा सकें।

हम आपका मामला सुलझाने के लिए बातचीत, मध्यस्थता और अदालतों / न्यायाधिकरणों में भी आपका प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।

अनुवाद सेवाएँ

अगर आप अंग्रेज़ी नहीं बोलतीं, तो कृपया 131 450 पर TIS को फ़ोन करें। दुभाषिया हमारी सेवा से संपर्क करने और हमारे साथ संप्रेषण करने में आपकी मदद करेगा।

हम अधिनियम में प्रदत्त महिलाओं के लिए एक विशेषज्ञतापूर्ण कानूनी सेवा हैं

हम इनमें मदद कर सकते हैं:

- तलाक और अलगाव
- अलगाव के बाद बच्चों की व्यवस्था और संपत्ति के विभाजन की व्यवस्था
- घरेलू और पारिवारिक हिंसा
- बाल संरक्षण के साथ संलग्नता
- काम पर समस्याएं
- भेदभाव
- अपराध पीड़ितों के लिए वित्तीय सहायता

हम समझते हैं कि आपको अगला कदम उठाने के लिए कानूनी सलाह से कहीं अधिक आयामों की जरूरत हो सकती है, इसलिए हमारे पास आपकी सहायता करने के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं और मूलनिवासी केस मैनेजर की एक टीम भी है।

हमारी सेवाएं मुफ़्त हैं

हमारी सेवाएं

पारिवारिक कानून

हम तलाक और अलगाव, बच्चों और संपत्ति के संबंध में सलाह और सहायता प्रदान करते हैं।

हमारे पास घरेलू और पारिवारिक हिंसा महिलाओं की परिस्थितियों को कैसे प्रभावित करती है इसकी, और कानूनी मामलों की एक विशेषज्ञतापूर्ण समझ है।

अलगाव के बाद हम बच्चों की देखभाल और संपत्ति तथा देनदारियों के निष्पक्ष विभाजन हेतु सुरक्षित व्यवस्था करने के लिए महिलाओं को समर्थन देते हैं।

हम उन महिलाओं की भी कानूनी प्रक्रियाओं और उनके अधिकारों को समझने के लिए मदद करते हैं, जो अलगाव पर विचार कर रही हैं।

देखभाल और संरक्षण

हम महिलाओं को उनके परिवारों के साथ देखभाल और संरक्षण सेवाओं की भागीदारी के शुरुआती चरणों में मदद करते हैं। हम कानूनी सलाह और सहायता प्रदान करते हैं, ताकि महिलाएं प्रक्रिया को और निष्पक्षता तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उनके अधिकारों को समझें।

हम बेहतर फैसलों का समर्थन करना चाहते हैं और जहां तक संभव हो, बच्चों को उनके परिवार या परिजनों से जोड़ रखना चाहते हैं।

रोजगार और भेदभाव

हम महिलाओं को काम पर उनके अधिकारों और हकदारियों को लागू करने में मदद करते हैं, जिसमें मातृत्व अवकाश तक पहुंच सहित, लचीली कार्य व्यवस्था और भेदभाव तथा यौन उत्पीड़न से मुक्त होने का अधिकार शामिल है।

हम उन महिलाओं की भी मदद कर सकते हैं जिनके साथ काम पर, स्कूल में, या सेवा प्रदाता द्वारा यौन, वंश, विकलांगता, यौन अभिमुखता या उम्र सहित संरक्षित विशेषता के कारण गलत तरीके से व्यवहार किया गया हो।

तलाक

इस केंद्र में विशेषज्ञ तलाक क्लिनिक है, जो तलाक की मांग कर रहीं सांस्कृतिक और भाषायी रूप से विविध पृष्ठभूमियों की महिलाओं को सलाह और प्रतिनिधित्व प्रदान करती है।

अगर आपके पूर्व पति विदेश में रहते हैं या आपको नहीं पता कि वे कहाँ हैं, अगर आपकी शादी ऑस्ट्रेलिया से भिन्न देश में हुई थी और अगर आपका विवाह प्रमाण-पत्र ऐसी भाषा में है जो अंग्रेज़ी नहीं है, तो हम आपकी मदद कर सकते हैं।

हम तलाक के लिए आवेदन का ड्राफ़्ट लिखने में सहायता कर सकते हैं, आवेदन दूसरे पक्ष को भेज सकते हैं और अदालत में तलाक की सुनवाई में आपका प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।

क्या और अधिक जानकारी चाहिए?

हमारी वेबसाइट में इस बात की और अधिक जानकारी शामिल है कि हम क्या करते हैं और सहायता कैसे प्राप्त करें, साथ ही साथ महिलाओं को प्रभावित करने वाले कानूनी मुद्दों और संसाधनों पर जानकारी शामिल है।

wlc.org.au

हम कैसे काम करते हैं

आप को कई क्षेत्रों में सहायता करने और आपके कानूनी मामले को सुलझाने में मदद करने के लिये हमारे वकील सामाजिक कार्यकर्ताओं और एक मूलनिवासी केस मैनेजर की एक टीम के साथ काम करते हैं।

हम आपकी सुरक्षा योजना के बारे में, अन्य सेवाओं से जुड़कर आपकी सहायता कर सकते हैं तथा हकदारी के लिए आपकी पँहुच का समर्थन करने की पैरवी कर सकते हैं।

हम आपको सुलभ और लचीली सेवाएं प्रदान करते हैं – हमारी सेवाओं तक पँहुचने के लिए आपको क्या करना चाहिए, इसके बारे में हमसे बात करें।



यह केंद्र (सेंटर), उस भूमि के पारंपरिक संरक्षकों को अभिस्वीकृति देता है जिस पर हम काम करते हैं। हम इस बात को मान्यता देते हैं कि यह भूमि कभी भी सौंपी नहीं गयी थी।

हम अतीत और वर्तमान के बुजुर्ग, और मूलनिवासी तथा टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर बच्चों और भविष्य के नेताओं का सम्मान करते हैं, क्योंकि वे प्रथम राष्ट्र (फर्स्ट नेशन) के लोगों की यादें, परम्पराएं, संस्कृति और आशाएं संजोए हुए हैं।

जिपिओ बॉक्स 1726
केनबेरा सिटी एक्ट 2601

फोन 02 6257 4377
इमेल admin@wlc.org.au

wlc.org.au